भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

परिपत्र संख्या : 83 / 2020

दिनांक : 02 जुलाई, 2020

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः— आपातकालीन परिस्थिति में बालक/बालिका कार्यक्रम हेतु वैकल्पिक पाठ्यक्रम ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप सभी जानते है कि दुनियॉ एक वैश्विक आपातकाल के रुप में घातक कोविड–19 महामारी से लड़ रही है तथा हम जानते हैं कि हमारा देश कितने चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है और हमें सरकार की सलाह और नीतियों का अनुसरण करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में युवाओं से सम्बन्धित सभी गतिविधियों को सभी स्तरों पर निलंबित करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। स्काउट्स एवं गाइड्स की सुरक्षा, भलाई और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिक चिंता बनी हुई है।

देश में चल रही कोविड–19 महामारी के मद्देनजर, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय संस्था ने 11 जून, 2020 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की आभासी बैठक में बालक/बालिका कार्यक्रम हेतु एक ऑनलाइन वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति ने 11 जून, 2020 को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से बालक/बालिका कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित वैकल्पिक पाठ्यक्रम को "सभी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम" के रुप में स्वीकृत एवं अनुमोदित किया एवं प्रस्तावित पाठ्यक्रम को सम्बन्धित राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा तय कर तत्काल प्रभाव से कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड एवं रोवर/रेंजर हेतु स्वीकार कर लिया है। इसी प्रकार इस वैकल्पिक पाठ्यक्रम की अधिसूचना को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राष्ट्रीय परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों को उनके सुझावों/टिप्पणियों हेतु जारी की गई थी।

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय परिषद के माननीय सदस्यों में से किसी ने भी कोविड जैसी परिस्थितियों में बालक/बालिका कार्यक्रम के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम के इन प्रावधानों पर कोई भी आपत्ति नहीं जताई। अतः राष्ट्रीय मुख्यालय सभी सम्बन्धितों को यह निर्देशित करता है कि संलग्नक बालक/बालिका कार्यक्रम स्थानीय स्थिति को ध्याान में रखते हुए सम्बन्धित राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा लिए गये निर्णय के अनुसार तत्काल प्रभाव से कार्यान्वित होगें।

वैकल्पिक विषय के संशोधन/पुनः अंशांकन अग्रिम कार्यान्वयन हेतु संलग्न है।

सधन्यवाद,

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

संलग्नकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।